**प्रेस विज्ञप्ति**

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## प्रशासनिक भवन बना वालीबॉल चैम्पियन

विश्वविद्यालय में स्टाफ स्पोर्ट्स क्लब द्वारा आयोजित वालीबॉल प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में प्रशासनिक भवन की टीम ने सुरक्षा विभाग को 2–1 से हराकर चैम्पियन होने का गौरव हासिल किया। स्टीवेंसन स्टेडियम के मैदान में खेली गए फाइनल मुकाबले में दोनों टीमों के बीच जबरदस्त संघर्ष देखने को मिला। पहला सेट 25–21 से जीतने के बाद सुरक्षा विभाग की टीम दूसरे गेम में भी हावी रही। परन्तु प्रशासनिक भवन के खिलाड़ियों ने बेहतर खेल का प्रदर्शन करते हुए दूसरा सेट 25–22 से जीत लिया। तीसरे सेट में भी प्रशासनिक भवन ने मैच को अपने पक्ष में करते हुए 25–21 से जीत कर 2–1 से विजय प्राप्त की। विजेता व उपविजेता टीमों को अपर निदेशक प्रशासन एवं अनुश्रवण डा. नवनीत पारीख व अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. बृजेश सिंह ने सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने कहा कि दोनों टीमों ने बेहतर खेल का प्रदर्शन किया। सभी ने खेल भावना का परिचय देते हुए इस प्रतियोगिता को सम्पन्न कराया। जबकि डा. बृजेश सिंह ने कहा कि क्लब की सभी प्रतियोगिताएं सौहार्द पूर्ण माहौल में सम्पन्न करायी गयीं हैं। इसके लिए सभी आयोजकों को बधाई। इस अवसर पर सुरक्षाधिकारी डा. जीएस बोहरा दोनों टीमों को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर सचिव प्रभाकर जोशी, संयोजक वालीबॉल वजीर अहमद, योगेश पंत आदि मौजूद रहे। निर्णायक की भूमिका में चन्द्र शेखर पंत का विशेष योगदान रहा।



*वालीबॉल में चैम्पियन प्रशासनिक भवन की टीम को सम्मानित करते अतिथि अपर निदेशक प्रशासन डा. नवनीत पारीख, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. बृजेश सिंह व अन्य।*

**निदेशक संचार**